अमर उजाला 06/02/2026

हैप्पीनेस स्माइली खोजने का कार्य सौंपा

जीएमएन कॉलेज में हैप्पीनेस हंट कार्यशाला का किया गया आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में हैप्पीनेस हंट कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अनोखी और रोमांचक कार्यशाला में चार सदस्यों की तीन टीमों को कॉलेज परिसर के भीतर छिपे हुए हैप्पीनेस स्माइली खोजने का कार्य सौंपा गया।

इस गतिविधि का उद्देश्य प्रतिभागियों के बीच टीम वर्क, सकारात्मकता और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना रहा। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह की गतिविधियां उच्च शिक्षा में सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।

डॉ. अनुपमा सिहाग ने कहा कि सुख

छावनी के जीएमएन कॉलेज में हैप्पीनेस हंट कार्यशाला में मौजूद छात्राएं व अन्य। संस्था

एक विकल्प है, और इसे प्राप्त करने के लिए छोटे कदम उठाना आवश्यक है। जिसका आयोजन डॉ. अनुपमा सिहाग, विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान विभाग जीएमएन कॉलेज ने एनटीएफ, साइकोलॉजिकल काउंसलिंग सेंटर, स्टूडेंट सर्विस सेंटर और मेंटल हेल्थ क्लब के सहयोग से किया। वहीं, कॉलेज में एनएसएस इकाइयों की ओर से सड़क सुरक्षा अभियान का सफल आयोजन किया गया।